आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 284 | उज्जैन, बुधवार 03 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने किया है नवाचार-मुख्यमंत्री

## प्रदेश के दौरे पर दिल्ली से आया अवर सचिवों का दल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव श्री विनोद बिहारी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों के 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की।

प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अवर सचिव शामिल थे। यह सभी अवर सचिव इस मिड कैरियर कोर्स के उपरान्त उप सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे और अलग-अलग मंत्रालयों में उनकी पदस्थापना की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने तीन दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा में विश्व धरोहर स्मारक सांची (जिला रायसेन) और हिल स्टेशन पचमढ़ी (जिला नर्मदापुरम) का भ्रमण भी किया। भारत सरकार के अधिकारियों ने



बताया कि वे मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत से प्रभावित हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश में सभी का स्वागत है। मध्यप्रदेश अनेक नवाचारों को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के पैमानों पर कार्य कर रहा है। नागरिकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुष्मान कार्डधारी और अन्य नागरिकों को आपातकाल में जीवन रक्षा के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी तरह मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत सरकार के अधिकारियों को जानकारी दी कि पीपीपी मॉडल के आधार पर जिला अस्पतालों का मेडिकल कॉलेज के रूप में उन्नयन कर आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मॉडल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए मात्र एक रुपए में 25 एकड़ भूमि के आवंटन, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध करवाने और मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन, प्राप्त शुल्क राशि से किए जाने की व्यवस्था की गई है।

इस पहल का नागरिकों को व्यापक स्तर पर लाभ प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश के स्मारकों और मंदिरों की संरचना पर केंद्रित हैं नई दिल्ली के महत्वपूर्ण भवन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि जहां राष्ट्रपति भवन का सेंट्रल डोम(मुख्य गुम्बद) सांची के स्तूप से प्रेरित है।

# बारिश से पूरे देश में बुरा हाल... कहीं बह गया पुल, कहीं रिहायशी इलाकों में भरा पानी



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में इस वक्त मानसून अपने चरम पर है। दिल्ली से लेकर राजस्थान और पंजाब से लेकर जम्मू तक बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कहीं बाढ़ से लोग पलायन करने को मजबूर हैं, तो कहीं बारिश की वजह से लैंडस्लाइड और बादल फटने जैसे मामले देखने को मिल रहे हैं।

इधर हरियाणा से रिकॉर्ड पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि स्थिति से निपटने की तैयारी पहले से ही कर ली गई है और शहरी इलाकों में बाढ़ का पानी नहीं पहुंचेगा। कहा जा रहा है कि मंगलवार शाम तक यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाएगा।

पंजाब में खेती पर पड़ा असर- उधर उत्तराखंड के चमोली में ज्योतिर्मठ-मलारी राजमार्ग पर रविवार तड़के इतनी बारिश हुई कि पुल बह गया। पंजाब में भी बाढ़ के कारण 3 लाख एकड़ कृषि भूमि पानी में डूब गई है। मुंबई में बारिश से हालात इतने खराब है कि हर जगह पानी भर गया है। इससे यातायात को बाधित हो रही रहा है, जनजीवन भी ठप हो गया है।

# टैरिफ वॉर के बीच अमेरिका पहुंचे भारतीय सेना के जवान, US आर्मी के साथ करेंगे युद्धाभ्यास



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के अलास्का की बर्फीली वादियों में भारत और अमेरिका की सेनाएं एक बार फिर कंधे से कंधा मिलाकर युद्धकौशल का प्रदर्शन करने को तैयार हैं। 21वें युद्ध अभ्यास 2025 के लिए भारतीय सेना का जत्था अमेरिका के फोर्ट वेनराइट, अलास्का पहुंच चुका है।

यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 1 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें दोनों देशों के जवान हेलिकॉप्टर से उतरने, पहाड़ी युद्ध, ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीकों के साथ-साथ संयुक्त रणनीतिक अभ्यासों में हिस्सा लेंगे। इस अभ्यास का मकसद है दोनों देशों की सेनाओं को संयुक्त राष्ट शांति मिशनों और बहु-क्षेत्रीय चुनौतियों के लिए तैयार करना। भारतीय सेना की टुकड़ी में मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन शामिल है, जो अमेरिका की 11वीं एयरबोर्न डिवीजन के बॉबकैट्स के साथ मिलकर ट्रेनिंग लेगी। इस एक्सरसाइज में सैनिक न सिर्फ जंग की स्ट्रेटजी को परखेंगे, बल्कि एक-दूसरे के अनुभवों से भी सीखेंगे।

# अगर हमारा हक मारा तो..., मनोज जरांगे की भूख हड़ताल के बीच फडणवीस के मंत्री ने दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कद्दावर मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल ने साफ लफ्ज़ों में कहा है कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोटे में शामिल करना गलत होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ओबीसी का हक मारा गया तो लाखों लोग सड़कों पर उतर आएंगे।

यह बयान तब आया है, जब मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे मुंबई के आजाद मैदान में 29 अगस्त से भूख हड़ताल पर हैं। वह मराठों को कुंबी दर्जा देकर ओबीसी कोटे का लाभ दिलाने की मांग कर रहे हैं। भुजबल ने ओबीसी नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बात की और कहा कि 374 समुदायों के लिए सिर्फ 17 फीसदी कोटा बचा है। ऐसे में मराठों को इसमें शामिल करना ओबीसी समुदायों के साथ नाइंसाफी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मराठों को अलग से आरक्षण देने में कोई दिक्कत नहीं, लेकिन ओबीसी के हक को छूना ठीक नहीं है।

भुजबल ने बताया कि 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण में से 6 फीसदी खानाबदोश जनजातियों, 2 फीसदी गोवारी समुदाय और बाकी छोटे-छोटे हिस्सों में बंटा है। बचा हुआ 17 फीसदी ही 374 समुदायों के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने कहा, मराठों को ओबीसी में शामिल करने की मांग को अदालत पहले ही मूर्खतापूर्ण बता चुकी है। भुजबल ने जोड़ा कि ओबीसी समुदाय पहले से ही सरकारी नौकरियों और शिक्षा में सीमित मौकों के लिए जूझ रहा है। भुजबल ने साफ किया कि अगर ओबीसी का कोटा कम किया गया तो लाखों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे।

# चंद्रयान-3 के डाटा का विश्लेषण करने का मौका, इसरो ने मांगे प्रस्ताव



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के डाटा के विश्लेषण के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इसरो ने सोमवार को अवसर की घोषणा (एओ) जारी कर वैज्ञानिक समुदाय को चंद्रयान-3 लैंडर और रोवर के प्रयोगों से प्राप्त डाटा के विश्लेषण और उपयोग में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

चंद्रयान-3 को 14 जुलाई, 2023 को चंद्रमा की सतह पर जाकर अध्ययन करने के लिए लांच किया गया था। इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के डाटा के विश्लेषण के लिए भारत के मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और सरकारी संगठनों के संकाय और शोधकर्ताओं से प्रस्ताव मांगे हैं। प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं। पेलोड ने एक चंद्र दिवस तक चंद्रमा के भौतिक गुणों, प्लाज्मा वातावरण समेत कई आंकड़े जुटाए। पेलोड टीमों ने डाटा का विश्लेषण किया और उन्हें प्रतिष्ठित विशेषज्ञ-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित किया। विज्ञान संबंधी आंकड़ों की संबंधित विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की गई है और 23 अगस्त, 2024 को जनता के लिए जारी किया गया है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 आर्बिटर से प्राप्त डाटा का भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा चंद्र सतह और उप-सतह, संरचना (तत्व और खनिज विज्ञान) को समझने के लिए बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है।

# पक्षी से टकराया 165 यात्रियों को ले जा रहा इंडिगो का विमान, नागपुर में हुई लैंडिंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट बीच उड़ान के दौरान किसी पक्षी से टकरा गई। यह टकराव इतनी तेज थी कि फ्लाइट को यू-टर्न लेकर नागपुर वापस आना पड़ा। नागपुर एअरपोर्ट पर फ्लाइट की दोबारा लैंडिंग करवाई गई। नागपुर एअरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी ने आज सुबह इस घटना की जानकारी दी है। हादसे के बाद को नागपुर एअरपोर्ट पर फिर से लैंड करवाया गया। वहीं, बाद में इस फ्लाइट को रद कर दिया गया।

# ट्रंप, पाकिस्तान और इजरायल, चीन की धरती से पीएम मोदी ने क्या मैसेज दिया?

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका को पहले चीन, रूस और भारत की सदस्यता वाले संगठन ब्रिक्स की आर्थिक घोषणाओं और रणनीतियों से परेशानी थी, लेकिन अब उसे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से भी ऐसी ही समस्या होने जा रही है।



तियानजिन में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद सोमवार को जारी घोषणापत्र में अमेरिका की टैरिफ नीति की परोक्ष रूप से निंदा की गई है।

इसमें सदस्य देशों के बीच आपसी मुद्रा में कारोबार को बढ़ावा देने की रणनीति, ईरान पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा और आपसी वित्तीय व आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए अलग से व्यवस्था करने की बात की गई है।

कई विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के नेतृत्व में संपन्न इस आयोजन को नई वैश्विक व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। घोषणापत्र में कहा गया है- सदस्य देश एकतरफा जबरन उपायों, विशेष रूप से आर्थिक प्रकृति के उपायों का विरोध करते हैं जो संयुक्त राष्ट चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अन्य नियमों, विश्व व्यापार संगठन के नियमों और सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

ये उपाय अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के हितों, जिसमें खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा शामिल है, को नुकसान पहुंचाते हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को कमजोर करते हैं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालते हैं। सदस्य देशों ने एससीओ के भीतर व्यापार सुविधा पर एक समझौता विकसित करने की पहल पर ध्यान देने की बात भी कही है। घोषणापत्र के अनुसार, एससीओ सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार का समर्थन करते हैं, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, जैसे कि अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आइबीआरडी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के शासी निकायों में विकासशील देशों की प्रतिनिधित्व और भूमिका को बढ़ाना है।

घोषणापत्र ने इच्छुक एससीओ सदस्य देशों द्वारा आपसी लेन-देन में राष्टीय मुद्राओं की हिस्सेदारी को धीरे-धीरे बढ़ाने की रोडमैप को तेजी से लागू करने के महत्व पर बल दिया।

एससीओ विकास बैंक की स्थापना के महत्व को पुनः दोहराते हुए इच्छुक सदस्य देशों ने इसकी स्थापना करने और इस वित्तीय संस्थान के कार्यकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर परामर्श को तेज करने का निर्णय लिया।

# 6 साल बाद चीन पहुंचा किम जोंग उन, तानाशाह की बुलेटप्रूफ ट्रेन को क्यों कहते हैं चलता-फिरता लोहे का किला?



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन 6 साल बाद चीन के दौरे पर है। किम अपनी शाही सवारी यानी बुलेट प्रूफ प्राइवेट ट्रेन में चीन पहुंचा है, जहां वो बीजिंग में आयोजित मिलिट्री परेड में हिस्सा लेगा।

किम जोंग उन सोमवार को प्योंगयांग से चीन के लिए रवाना हुआ था। किम की ट्रेन चीन में एंट्री कर चुकी है और यह जल्द ही बीजिंग पहुंच सकती है।

2 साल बाद पहली विदेश यात्रा- बता दें कि 2023 के बाद यह किम जोंग उन की पहली विदेश यात्रा है। इससे पहले किम ने 2023 में रूस का दौरा करते हुए राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। वहीं, जनवरी 2019 के बाद किम पहली बार चीन पहुंचा है।

बीजिंग में किम दूसरे विश्व युद्ध की 80वीं वर्षगांठ में आयोजित परेड में हिस्सा लेगा। इस दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौके पर मौजूद रहेंगे। अमेरिका के सैंक्शन्स के बाद उत्तर कोरिया की अर्थव्यस्था को जिंदा रखने में चीन का अहम योगदान है।

रूस के साथ भी उत्तर कोरिया की नजदीकियां किसी से छिपी नहीं हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अनुसार, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद प्योंगयांग ने मॉस्को को बड़े पैमाने पर हथियार और सैनिक भेजे हैं।

बीजिंग में मिलेंगे तीन बड़े नेताओं- जहां एक तरफ अमेरिका टैरिफ की धौंस दिखाकर पूरी दुनिया पर अपना दबदबा साबित करने की कोशिश कर रहा है, तो वहीं बीजिंग में कम, चिनफिंग और पुतिन एक साथ मंच पर साथ नजर आ सकते हैं। 2019 के बाद यह चिनफिंग और किम की भी पहली मुलाकात होगी। इससे पहले किम ने महज 10 महीने में 4 बार बीजिंग का रुख किया था, क्योंकि किम अमेरिका और दक्षिण कोरिया से रिश्ते सुधारने के लिए चीन का साथ चाहता था। किम अपनी आलीशान बुलेट प्रूफ प्राइवेट ट्रेन चीन पहुंचा है।

## अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप ने मचाई भारी तबाही, मरने वालों की संख्या 1400 पार



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार को उत्तरी अफगानिस्तान में आए सबसे विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है, बचाव कार्य अभी भी जारी है और हजारों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से ज्यादा हो गई है।

जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पहाड़ी इलाकों में रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जब लोग सो रहे थे। इस भूकंप ने घरों को तहस-नहस कर दिया और पूरे के पूरे गांव तहस-नहस हो गए।

बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या- अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया, घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए इन आंकड़ों में काफी बदलाव हो सकता है। उन्होंने कहा, भूकंप के कारण कुछ क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें पुनः खोल दिया गया है। बाकी सड़कों को भी फिर से खोल दिया जाएगा, ताकि उन क्षेत्रों तक पहुंच संभव हो सके, जहां पहुंचना कठिन था।

रविवार रात को आया था भयंकर भूकंप- हालांकि, अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी के एक अलग और अधिक गंभीर अनुमान के अनुसार 3,251 लोग घायल हुए हैं और 8,000 से अधिक घर नष्ट हो गए हैं। रविवार देर रात कई प्रांतों में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे गांव तबाह हो गए और लोग मिट्टी की ईंटों और लकड़ी से बने घरों के मलबे में फंस गए, जो झटके झेल नहीं पाए। भूकंप के बाद कई झटके भी आए।

## पीएम मोदी के चीन दौरे के बाद बदले अमेरिका के तेवर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक और राजनयिक तनाव की खबरें सुर्खियों में हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि दोनों देशों के बीच मतभेद जरूर हैं, लेकिन आखिरकार ये दो बड़े मुल्क अपनी समस्याएं सुलझा लेंगे।

उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताते हुए कहा कि भारत के मूल्य अमेरिका और चीन के ज्यादा करीब हैं, न कि रूस के। लेकिन साथ ही, उन्होंने भारत पर रूसी तेल खरीदने और उसे बेचकर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद देने का आरोप भी लगाया।

भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उसकी तेल खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की जरूरतों पर आधारित है। वहीं बेसेंट ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को ज्यादातर दिखावटी करार दिया, जिसका सालाना सम्मेलन हाल ही में चीन के तियानजिन शहर में हुआ। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। अमेरिका की तरफ से भारत पर 50त्न टैरिफ लगाने का फैसला भी चर्चा में है, जिसे भारत ने अनुचित और बेतुका बताया है।


## मोदी, पुतिन और चिनफिंग की तिकड़ी देख जला अमेरिका, कैलिफोर्निया के गवर्नर बोले- ट्रंप गार्ड भेज रहे हैं



नई दिल्ली (एजेंसी)। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के शी जिनपिंग के बीच बातचीत का एक वीडियो साझा करके अमेरिकी राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया। डेमोक्रेट न्यूसम ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट किया, लेकिन डरें नहीं, ट्रम्प शिकागो में गार्ड भेज रहे हैं। वीडियो में दिखाया गया है कि चीनी शहर तियानजिन में शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन एक-दूसरे का हाथ थामे चिनफिंग की ओर प्रसन्नतापूर्वक बढ़ रहे हैं।

वीडियो में तीनों नेताओं को कंधे से कंधा मिलाकर हंसते हुए भी दिखाया गया है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह देश के तीसरे सबसे बड़े शहर शिकागो और न्यूयॉर्क में नेशनल गार्ड कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रहे हैं, जिस पर डेमोक्रेट्स ने तीखी आलोचना की थी। उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हम अपने शहरों को बहुत-बहुत सुरक्षित बनाने जा रहे हैं। उन्होंने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का जिक्र किया।

## इंडोनेशिया में 1 भारतीय समेत 8 यात्रियों को लेकर उड़ा हेलीकॉप्टर लापता, तलाश जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडोनेशिया से उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर अचानक लापता हो गया। इस हेलीकॉप्टर में 8 लोग सवार थे, जिसमें 1 भारतीय का नाम भी शामिल है। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलीकॉप्टर का संपर्क टूट गया। हेलीकॉप्टर का तलाशी अभियान जारी है, लेकिन अभी तक इसका कुछ पता नहीं चला है।

इस हेलीकॉप्टर ने सोमवार को इंडोनेशिया के बोर्नेओ आईलैंड से उड़ान भरी थी। कुछ दूर जाने के बाद हेलीकॉप्टर का संपर्क टूट गया। मंगलवार को भी हेलीकॉप्टर की तलाशी जारी है।

कुछ दूर जाकर टूटा संपर्क- इंडोनेशियाई समाचार एजेंसी अंतरा के अनुसार, एस्टिंडो एयर बीके 117 डी3 हेलीकॉप्टर में एक पायलट, एक इंजीनियर और छह यात्री सवार थे। सोमवार को इंडोनेशिया से रवाना होने के बाद हेलीकॉप्टर तक दक्षिण कालीमंतन प्रांत के मेन्टेवे में मंडिन दमार जलप्रपात के पास पहुंचा था, तभी अचानक हेलीकॉप्टर का संपर्क टूट गया।

इंडोनेशिया से लापता हुए इस हेलीकॉप्टर में एक भारतीय नागरिक संथा कुमार भी सवार थे। हेलीकॉप्टर में सवार अन्य लोगों की पहचान कैप्टन हरियांटो, इंग हेंड्रा, मार्क वेरेन, युडी फेब्रियन, एंडिस रिसा पासुलु, क्लाउडिन क्विटो और इबॉय इरफान रोसा के रूप में हुई है।

हेलीकॉप्टर की तलाश में जुटी एजेंसी के प्रमुख आई पुतु सुदयाना ने कहा- सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान में दो अन्य हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं, क्योंकि एक ही क्षेत्र में एक साथ तैनाती से संयुक्त खोज एवं बचाव दल को खतरा हो सकता है।

## मैक्सिकन टिकटॉक इन्फ्लुएंसर की बेरहमी से हत्या




नई दिल्ली (एजेंसी)। टिकटॉक इन्फ्लुएंसर एस्मेराल्डा फेरर गैरीबे और उनका परिवार 22 अगस्त को मैक्सिको के ग्वाडलहारा के सैन एंड्रेस इलाके में एक पिकअप ट्रक में मृत पाया गया।

ट्रक में फेरर गैरीबे और उनके 36 साल के पति रॉबर्टो कार्लोस गिल लिसिया के साथ उनका 13 साल के बेटा और उनकी 7 वर्षीय बेटी रेजिना की लाश प्लास्टिक के बैग में लिपटी हुई मिली। पुलिस टिकटॉक इन्फ्लुएंसर और उनके परिवार की हत्या को कार्टेल हिंसा से जोड़कर देख रही है।

लैटिन टाइम्स से मिली सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, जांच अधिकारियों ने हत्या में इस्तेमाल किए गए ट्रक का पता लगाया और उन्हें पता चला कि ये पिकअप ट्रक एक ऑटो रिपेयर की दुकान से होकर गुजरा था। दुकान पर पुलिस को खून के धब्बे, गोलियों के खोखे और अन्य बैलिस्टिक सबूत भी मिले।

पुलिस को मिले सबूतों के आधार पर जानकारी मिली है कि इन्फ्लुएंसर एस्मेराल्डा फेरर गैरीबे के पूरे परिवार की हत्या दुकान पर ही की गई थी, उसके बाद उन्हें किसी दूसरी जगह पर ले जाया गया जहां शवों को पिकअप ट्रक में डाल दिया गया।

हालांकि अभी फोरेंसिक रिपोर्ट सामने नहीं आई है, रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात की पुष्टि करते हैं कि उनकी हत्या उसी की गई थी।

जांच में जुटी पुलिस- पुलिस ने ऑटो रिपेयर की दुकान के दो वर्कर को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान हेक्टर मैनुअल वाल्डिविया मार्टिनेज और एल चिनो के रूप में हुई है। हालांकि पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को रिहा कर दिया।

## हर पाकिस्तानी बाल्टी में भर लें बाढ़ का पानी, रक्षा मंत्री का ज्ञान सुनकर माथा पीट लेंगे आप



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान इन दिनों भीषण बाढ़ की मार झेल रहा है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बारिश के आई विनाशकारी बाढ़ से 24 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं एक हजार से ज्यादा गांव पानी में समा गए हैं। ऐसे नाजुक दौर में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का अजीबो-गरीब बयान सामने आया है।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सलाद देते हुए कह रहे हैं कि वे बाढ़ के पानी को नालियों में बहाने के बजाए घरों में कंटेनरों और टब में स्टोर करके रखें, साथ ही पाकिस्तानी इस बाढ़ को आशीर्वाद के रूप में देखें।

एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल से बात करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा, जो लोग बाढ़ जैसे हालत के खिलाफ प्रदर्शन रहे हैं , उन्हें बाढ़ के पानी को अपने घरों में ले जाना चाहिए। लोगों को इस पानी को अपने घरों में टबों और बर्तनों में स्टोर कर लेना चाहिए। हमें इस पानी को एक वरदान के रूप में देखना चाहिए और इसे स्टोर करके रखना चाहिए।

आसिफ ने आगे कहा कि पाकिस्तान में बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए 10-15 साल का इंतजार करने के बजाय, छोटे-छोटे बांध बनाने चाहिए, जो जल्दी बन सकें। हमें इस पानी को नाले में बहाने के बजाय स्टोर करना चाहिए।

पाकिस्तान में बाढ़ से हाहाकार- पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बुखारी के मुताबिक, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रिकॉर्ड तोड़ बाढ़ से 20 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

# ट्रंप के साथ ट्रेड डील पर चल रही बात, भारत-अमेरिका तनाव पर पीयूष गोयल ने दिया बड़ा अपडेट



नई दिल्ली (एजेंसी)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने यहां एक उद्योग संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा, अब तक बहुत कुछ हुआ है और अभी बहुत कुछ होना बाकी है। हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

पांच दौर की वार्ता पूरी- अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।

गोयल ने आगे कहा कि भारत पहले ही आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मारीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। भारत और अमेरिका के बीच तनाव के बीच, अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि अंत में दोनों महान देश इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे।

अग्रिम चरण में भारत-श्र मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत- उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को भी काफी हद तक दिखावा बताया। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है। उन्होंने कहा, हम बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं।


## सिर्फ आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं..., बिहार में SIR को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आधार कार्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में पेश नहीं किया जा सकता है। आधार का स्टेटस कानून के दायरे में रहे तो बेहतर होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने पहले कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा मान्यता प्राप्त दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड को पहचान का प्रमाण माना जा सकता है, लेकिन सिर्फ आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, ÷वेरिफिकेशन करवाने के दस्तावेजों में आधार को शामिल किया जा सकता है, मगर आधार का इस्तेमाल सिर्फ आधार अधिनियम के दायरे में ही किया जा सकता है। पांच जजों की बेंच ने पुट्टास्वामी केस में आधार पर जो फैसला सुनाया था, हम उसके आगे नहीं जा सकते हैं। दरअसल बिहार में चुनाव आयोग ने आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाण मानने से इनकार कर दिया है। इसी कड़ी में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों के नाम हटा दिए गए हैं।

## कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मीडिया कानून और नैतिकता पुस्तक का किया विमोचन




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वरिष्ठ पत्रकार राजेश उपाध्याय और डॉ. शिशिर कुमार सिंह की पुस्तक मीडिया कानून और नैतिकता का दिल्ली में विमोचन किया। यह पुस्तक AI युग में मीडिया के बदलते स्वरूप पर केंद्रित है।

इस किताब का टाइटल मीडिया कानून और नैतिकता- एक समकालीन परिप्रेक्ष्य, 2025 है। इस किताब के माध्यम से मीडिया के कानूनी और नैतिक पहलुओं की व्यापक जानकारी प्रस्तुत की गई है। विमोचन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक मीडिया की जवाबदेही के मानकों को स्पष्ट करेगी।

क्या-क्या है पुस्तक में- इस पुस्तक में मानहानी कानून और बौद्धिक संपदा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और सूचना का अधिकार अधिनियम पर भी प्रकाश डाला गया है। डेटा संरक्षण कानून और भारतीय डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के बारे में भी विस्तार से बताया गया है।

पुस्तक से पत्रकारों को मिलेगी काफी जानकारी- इस पुस्तक में एक हिस्सा खासतौर पर मीडिया नैतिकता पर केंद्रित है। इसमें पत्रकारों के लिए मूल नैतिक सिद्धांतों की रूपरेखा दी गई है।

# नौकरी में बने रहने के लिए TET जरूरी, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका होगी दाखिल





नई दिल्ली (एजेंसी)। कक्षा एक से आठ तक को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता के फैसले के खिलाफ शिक्षक सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की सोच रहें हैं। उनका कहना है कि कई मुद्दे हैं जिन्हें आधार बना कर फैसले पर पुनर्विचार करने का सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर को महत्वपूर्ण फैसला दिया है जिससे देश भर के कक्षा एक से आठ को पढ़ाने वाले शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को दो साल में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करनी होगी नहीं तो उनकी नौकरी चली जाएगी।

फैसला उन शिक्षकों पर भी लागू होगा जिनकी नियुक्ति शिक्षा के अधिकार (आरटीई) कानून लागू होने से पहले हुई थी। हालांकि जिन लोगों की नौकरी पांच वर्ष से कम की रह गई है उन्हें कोर्ट ने बिना टीईटी के नौकरी में बने रहने की छूट दी है लेकिन उनके लिए भी शर्त है कि अगर उन्हें प्रोन्नति लेनी है तो टीईटी पास करना होगा। प्रोन्नति पाने के लिए भी टीईटी पास करना जरूरी है।

इस मामले में उत्तर प्रदेश के कुछ शिक्षकों की ओर से पेश होकर सुप्रीम कोर्ट में बहस करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील राकेश मिश्रा कहते हैं कि वे फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दाखिल करेंगे। उनके मुवक्किलों ने जो अर्जी दाखिल की थी उसमें प्रोन्नति के लिए टीईटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता से छूट मांगी गई थी। अर्जीकर्ता शिक्षकों का कहना था कि उनकी नौकरी सिर्फ तीन-चार साल की बची है ऐसे में उन पर प्रोन्नति के लिए टीईटी पास करने की अनिवार्यता न लगाई जाए। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अब जो आदेश दिया है उसमें प्रोन्नति के लिए तो टीईटी पास करना अनिवार्य है ही बल्कि नौकरी में बने रहने के लिए भी टीईटी पास करना जरूरी कर दिया गया है।

# मराठा आंदोलन खत्म होगा? सरकार ने मानी मनोज जरांगे की मांग; लेकिन रखी ये एक शर्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे के आंदोलन पर महाराष्ट्र में घमासान जारी है। महाराष्ट्र सरकार ने मनोज जरांगे की मांगें मान ली हैं। इस बात की जानकारी मनोज जरांगे ने दी।

पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग पर सहमत हो गई है, जिससे आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की ओर से आज ही कुछ देर में जीआर यानी सरकारी आदेश जारी किया जाएगा। अधिकारी जीआर प्रक्रिया के लिए रवाना हो गए। आंदोलन आज खत्म होगा। मनोज जरांगे ने कहा कि जीआर आने पर भूख हड़ताल खत्म कर दूंगा।

जरांगे ने हाई कोर्ट को दिया भरोसा- इसके अलावा, मनोज जरांगे ने हाई कोर्ट को भरोसा दिया कि उनके अधिकांश समर्थक या तो मुंबई छोड़ चुके हैं या मंगलवार को छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग मुंबई के रास्ते समझते नहीं हैं। आप लोगों ने गाड़ियों पर 5 हजार का दंड लगाया है, उसे वापस लीजिए। सरकार ने बात मानी है। हम यहां से जश्न मनाकर ही जाएंगे। जश्न मनाना मतलब हुल्लड़बाजी नहीं है। तक्र(सरकारी आदेश) लेकर आइए तुरंत हम आंदोलन खत्म कर गुलाल उड़ाएंगे।

मनोज जरांगे ने कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के पीड़ितों के परिवारों को 15 करोड़ रुपये देने का फैसला किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य परिवहन बोर्ड में नौकरियां दी जाएंगी, अब इसमें बदलाव होना चाहिए। अगर बच्चे की पढ़ाई ज्यादा है तो सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए।

जरांगे ने मंत्रियों की उपस्थिति में अपने समर्थकों से कहा कि हम जीत गए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने अगर मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सरकारी आदेश जारी कर दिया तो आज रात नौ बजे तक मुंबई से रवाना हो जाऊंगा।

# केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा का प्रकोप, 1 महीने में तीसरी मौत; क्यों और कैसे फैल रही है बीमारी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। मानसून की एंट्री के बाद केरल में एक अजीबोगरीब बीमारी ने भी दस्तक दे दी है। लोगों के दिमाग पर हमला करने वाली इस बीमारी से कई लोगों की मौत हो गई है। पिछले 1 महीने में तीन ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें ब्रेन ईटिंग अमीबा का शिकार हुए लोगों की जान चली गई।

ब्रेन ईटिंग अमीबा को lethal amoebic meningoencephalitis कहा जा रहा है, जो Naegleria fowleri नाम बैक्टीरिया के कारण होती है। हाल ही में 3 महीने की बच्ची की इसी बीमारी के कारण मौत हो गई। वहीं, अगस्त में 52 वर्षीय महिला और 9 साल की बच्ची की जान चली गई थी। ब्रेन ईटिंग अमीबा के बढ़ते खतरे के कारण केरल सरकार ने पानी ही जीवन है क्लोरिनेशन अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत कुओं, पानी के टंकियों, सार्वजनिक नहाने के स्थलों की सफाई की जा रही है।

कैसे फैलती है यह बीमारी- ब्रेन ईटिंग अमीबा तालाब, झील, कुएं, नदियों और कम क्लोरिनेटेड पूल जैसी ताजे पानी वाली जगह पर पनपता है। यह बीमारी गर्मियों और मानसून के महीनों में तेजी से फैलती है। अक्सर नहाते समय, स्वीमिंग करते समय या सिंचाई के दौरान यह अमीबा शरीर में घुसता है और सीधा दिमाग पर हमला बोल देता है, जिससे लोग का शिकार हो जाते हैं।

PAM की गिरफ्त में आने वाले लोगों के बचने के आसार बेहद कम होते हैं। दुनिया भर में इस बीमारी से होने वाली मृत्युदर 95-98 प्रतिशत है। भारत समेत 20 देशों में यह बीमारी देखने को मिलती है। 2024 में केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा के 36 मामले सामने आए थे, जिनमें से 9 लोगों की मौत हो गई थी।

ब्रेन ईटिंग अमीबा का जल्द से जल्द पता लगाकर और तुरंत इलाज शुरू करके केरल में कुछ लोगों को बचाया गया है। इस बीमारी के लक्षण 1-12 दिन के भीतर नजर आते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल एकादशी

## संपादकीय

# परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन हर परिवर्तन प्रगति नहीं होता



परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन हर परिवर्तन प्रगति नहीं होता । हर पीढ़ी अपने समय के अनुरूप बदलाव लाती है। अगर यह बदलाव संस्कारों की नींव पर आधारित हो, तो इसे सतत प्रगति कहा जाएगा, मगर जब परिवर्तन का यह प्रवाह मूल्यहीन और दिशाहीन होने लगता है, तो वह मात्र उच्छृंखल विद्रोह का रूप ग्रहण कर लेता है। आज की युवा पीढ़ी जिस तीव्रता से पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन कर रही है, वह केवल स्वतंत्रता का उत्सव न होकर एक गहन प्रश्न बनकर उभरता है कि क्या यह सीमा लांघना वास्तविक बौद्धिक मुक्ति है या फिर केवल पश्चिम प्रेरित मोहभंग ?

संस्कृति केवल अनुष्ठानों और परंपराओं का संग्रह नहीं, बल्कि वह एक जीवन - दृष्टि है, जो समाज को स्थायित्व प्रदान करती है। जब युवा पीढ़ी इसे बंधन का प्रतीक मानने लगती है, तो वह इस तथ्य को विस्मृत कर देती है कि ये तथाकथित बंधन ही सामाजिक समरसता और सह अस्तित्व की संरचना के आधार स्तंभ हैं। पाश्चात्य समाजों में जहां अक्सर व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अर्थ सामाजिक, पारिवारिक और

सांस्कृतिक उत्तरदायित्वों से विमुक्ति समझा जाता है, वहीं भारतीय जीवन- दृष्टि में स्वतंत्रता का मर्म आत्मनियंत्रण, कर्तव्यपरायणता और मर्यादा में निहित है।

एक समय था जब घर के बड़े-बुजुर्ग अपनी मूंछों को ताव देते हुए कहा करते थे कि संयुक्त परिवार में सैकड़ों समस्याएं होती हैं, लेकिन समाधान भी यहीं मिलते हैं। आज समस्या वही है, समाधान भी है, बस अब समाधान रिटायरमेंट होम कहलाता है। कभी कहे जाने वाले मातृदेवो भव, पितृदेवो भव जैसे कथन मोबाइल की किसी पुरानी तस्वीर की तरह रह गए हैं, जिसे देखकर लोग हंसते हैं और कहते हैं कि ये सब अब नहीं चलता ! संयुक्त परिवारों की वे जड़ें, जिनमें परिवार रूपी वट वृक्ष सांस लेता था, अब फ्लैट संस्कृति में गमले के

पौधे बन गई हैं। ये सजावटी तो हैं, लेकिन छाया नहीं देतीं । स्वतंत्रता का वास्तविक स्वरूप आत्मविकास से जुड़ा होता है, अनुशासन के त्याग से नहीं । आधुनिकता के नाम पर अगर व्यक्ति नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से विमुख हो जाता है, तो वह न तो स्वयं को उन्नत कर सकता है और न ही समाज को । नैतिकता अब एक 'वैकल्पिक अवधारणा बन गई है और संस्कार उस पाठ्यपुस्तक की तरह, जिसे परीक्षा से एक दिन पूर्व पढ़ा जाता है और फिर साल भर भुला दिया जाता है । आधुनिकता ने भारतीय मानस को एक ऐसे दोराहे पर ला खड़ा किया है, जहां मर्यादा पुरानी पगडंडी की तरह लगती है और स्वच्छंदता किसी तेज रफ्तार राजमार्ग की तरह, भले ही उसमें दुर्घटनाओं की भरमार हो ।

नई पीढ़ी को चाहिए मुक्ति, पर वह यह तय करने में असमर्थ है कि मुक्त किससे होना है - समाज की अपेक्षाओं से या फिर स्वयं की जिम्मेदारियों से ? स्वतंत्रता का अर्थ अब इतना विस्तार पा चुका है कि अनुशासन उसमें डूबने लगा है। विवाह, जो एक पवित्र बंधन बन जाता है, अब केवल सुविधाजन्य अनुबंध के रूप में देखा जाने लगा है। ऐसे संबंधों का प्रचलन बढ़ रहा है, जिनमें विवाह को व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर नियंत्रण मानते हुए अस्वीकार किया जाता है । यह विचारणीय है कि क्या यह वास्तव में स्वतंत्रता है या फिर उत्तरदायित्वों से पलायन का एक सुसज्जित माध्यम ! जब विवाह में समर्पण और सह-अस्तित्व की भावना क्षीण होती है, तब समाज का संतुलन भी डगमगाने लगता एक समय था जब लोग परिश्रम से कमाते थे और संतोष से जीते थे।

# किशन महाराज



पंडित किशन महाराज भारत के सुप्रसिद्ध तबला वादक थे। ये बनारस घराने के वादक थे। इन्हें कला क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा सन 1973 में पद्म श्री और सन 2002 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था। किशन महाराज तबले के उस्ताद होने के साथ साथ मूर्तिकार, चित्रकार, वीर रस के कवि और ज्योतिष के मर्मज्ञ भी थे।

### जीवन परिचय

किशन महाराज का जन्म काशी के कबीरचौरा मुहल्ले में 3 सितंबर 1923 को एक संगीतज्ञ के परिवार में हुआ। कृष्ण जन्माष्टमी पर आधी रात को जन्म होने के कारण उनका नाम किशन पड़ा। उन्होंने अपने प्रारंभिक वर्षों में पिता पंडित हरि महाराज से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की। पिता के देहांत के बाद उनके चाचा एवं पंडित बलदेव सहाय के शिष्य पंडित कंठे महाराज ने उनकी शिक्षा का कार्यभार संभाला।

### तबला वादन

किशन महाराज ने तबले की थाप की यात्रा शुरू करने के कुछ साल के अंदर ही उस्ताद फ़ैयाज़ खाँ, पंडित ओंकार ठाकुर, उस्ताद बड़े गुलाम अली खां, पंडित भीमसेन जोशी, वसंत राय, पंडित रवि शंकर, उस्ताद अली अकबर खान जैसे बड़े नामों के साथ संगत की। कई बार उन्होंने संगीत की महफिल में एकल तबला वादन भी किया। इतना ही नहीं नृत्य की दुनिया के महान् हस्ताक्षर शंभु महाराज, सितारा देवी, नटराज गोपी कृष्ण और बिरजू महाराज के कार्यक्रमों में भी उन्होंने तबले पर संगत की। उन्होंने एडिनबर्ग और वर्ष 1965 में ब्रिटेन में कॉमनवेल्थ कला समारोह के साथ ही कई अवसरों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिष्ठा अर्जित की। उनके शिष्यों में वर्तमान समय के जाने माने तबला वादक पंडित कुमार बोस, पंडित बालकृष्ण अय्यर, सुखविंदर सिंह नामधारी सहित अन्य नाम शामिल हैं।

### प्रभावशाली व्यक्तित्व

आदरणीय स्वर्गीय पंडित किशन महाराज प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे, माथे पर एक लाल रंग का टिक्का हमेशा लगा रहता था, वे जब संगीत सभाओं में जाते, संगीत सभायें लय ताल से परिपूर्ण हो गंधर्व सभाओं की तरह गीत, गति और संगीतमय हो जाती। तबला बजाने के लिए वैसे पद्मासन में बैठने की पद्धति प्रचलित हैं, किंतु स्वर्गीय पंडित किशन महाराज जी दोनों घुटनों के बल बैठ कर वादन किया करते थे, ख्याल गायन के साथ उनके तबले की संगीत श्रोताओं पर जादू करती थी, उनके ठेके में एक भराव था, और दांये और बांये तबले का संवाद श्रोताओं और दर्शकों पर विशिष्ट प्रभाव डालता था। अपनी युवा अवस्था में पंडित जी ने कई फ़िल्मों में तबला वादन किया, जिनमें नीचा नगर, आंधियां, बड़ी माँ आदि फ़िल्में प्रमुख हैं। कहते हैं न महान् कलाकार एक महान् इंसान भी होते हैं, ऐसे ही महान् आदरणीय स्वर्गीय पंडित किशन महाराज जी भी थे, उन्होंने बनारस में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने के लिए भूख हड़ताल भी की और संगत कलाकारों के प्रति सरकार की ढुलमुल नीति का भी पुरजोर विरोध किया।

### बिंदास जीवन शैली

किशन महाराज का ज़िंदगी जीने का अन्दाज़ बहुत बिंदास रहा। उन्होंने ज़िंदगी को हमेशा आज के आइने में देखा और अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ बिंदास जिया। लुंगी कुर्ते में पूरे मुहल्ले की टहलान और पान की दुकान पर मित्रों के साथ जुटान ताज़िंदगी उनका शगल बना रहा। मर्ज़ी हुई तो भैंरो सरदार को एक्के पर साथ बैठाया और घोड़ी को हांक दिया। तबीयत में आया तो काइनेटिक होंडा में किक मारी और पूरे शहर का चक्कर मार आए।

### दिनचर्या

उनकी दिनचर्या पूजा पाठ, टहलना, रियाज, अपने शौक़ पूरे करना, मित्रों से गप्पे मारना था। यह सब ज़िंदगी की आखिरी घड़ी तक जारी रहा। वे बड़ी बेबाकी से कहते थे कि मैं क ोई उलझन या दुविधा नहीं पालता बल्कि उसे जल्दी से जल्दी दूर कर देता हूं। ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। साठ साल पहले शेविंग के दौरान मूंछें सेट करने में एक तरफ छोटी तो दूसरी तरफ बड़ी हो जाने की दिक़्क़त महसूस की तो झट से उसे पूरी तरह साफ़ करा दिया। इसके बाद फिर कभी मूंछ रखने की जहमत नहीं उठाई। उनकी दिनचर्या बड़ी नियमित थी। प्रातः छह बजे तक उठ जाते थे। बगीचे की सफाई, चिड़ियों को दाना पानी और फिर टहलने निकल जाते थे।

### पसंद-नापसंद

किशन महाराज का खानपान का भी अपना अलग स्टाइल था। दाल, रोटी, चावल के साथ छेना या केला और लौकी चाप उन्हें काफ़ी पसंद था। गर्मी के सीजन में दोपहर में सप्ताह में दो तीन रोज सत्तू भी खाते थे। परंपरागत बनारसी नाश्ता पूड़ी-कचौड़ी उन्हें पसंद नहीं था। कभी-कभार किसी पार्टी में पंडित जी पैंट-शर्ट में भी जलवा बिखेरते दिख जाते थे। मगर अलीगढ़ी पायजामा और कुर्ता उनका पसंदीदा पहनावा था। गहरेबाजी, पतंगबाजी और शिकार के शौकीन रहे पंडित जी क्रिकेट और हॉकी में भी ख़ासी दिलचस्पी रखते थे।



# खत्म हुई आपकी जरूरत, AI कर लेगा सारा काम, कंपनी के मालिक ने 4000 कर्मचारियों को सुना दिया अजीबो-गरीब फरमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक बार फिर तकनीकी दुनिया में हलचल मचा रहा है। इसकी वजह से कई कंपनियों में छंटनी की जा रही है। हाल ही में TCS की चर्चा जोरों से रही, अब इस छंटनी वाली कड़ी में सेल्सफोर्स का नाम जुड़ गया है। अमेरिकी क्लाउड सॉफ्टवेयर की दिग्गज कंपनी ने 4,000 नौकरियों में कटौती की है। यह छंटनी कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव की है। अब इनका काम एआई करेगा।

छंटनी की खबर खुद सेल्सफोर्स के CEO मार्क बेनिओफ ने पॉडकास्ट पर दी है। उन्होंने बताया कि सपोर्ट टीम में कर्मचारियों की संख्या 9,000 से घटाकर 5,000 कर दी गई है। बेनिओफ ने कहा, मैं अपने सपोर्ट स्टाफ की संख्या को फिर से संतुलित करने में कामयाब रहा। मैंने इसे 9,000 से घटाकर लगभग 5,000 कर दिया क्योंकि मुझे कम कर्मचारियों की जरूरत थी। यानी सेल्सफोर्स के सपोर्ट डिपार्टमेंट का लगभग आधा हिस्सा छोटा कर दिया गया है।

यह फैसला बेनिओफ की दो महीने पहले की गई अपनी ही टिप्पणियों से बिल्कुल उलट है। जुलाई में, उन्होंने फॉर्च्यून को बताया था कि एआई का उद्देश्य कर्मचारियों की जगह लेना नहीं, बल्कि उन्हें बढ़ाना है। उन्होंने जोर देकर कहा था कि इंसान कहीं नहीं जा रहे हैं। उस समय, उन्होंने नौकरी छूटने की डरावनी बातों को खारिज कर दिया था और एआई की सटीक की सीमाओं की ओर इशारा करते हुए तर्क दिया था कि आपको मानव को शामिल करने की जरूरत है क्योंकि एआई तथ्यों की जाँच नहीं कर सकता।

## टीसीएस ने छंटनी के बाद बचे हुए कर्मचारियों को दे दिया तोहफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी IT कंपनी टीसीएस ने अपने अधिकांश कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया है। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर कर्मचारियों की सैलरी में 4.5-7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले कंपनी ने 12 हजार कर्मचारियों का लेऑफ किया था। इस लेऑफ की वजह से टीसीएस के खिलाफ हजारो लोग सड़क पर भी उतरे थे।

TATA ग्रुप की कंपनी ने सोमवार देर शाम से कर्मचारियों को वेतन में हुई बढ़ोतरी से संबंधित लेटर भेजना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार यह वेतन वृद्धि सितंबर से लागू होगी।

TCS के फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरे थे लोग- पिछले दो महीनों में कंपनी के HR डिपार्टमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर कई सुर्खियां रहीं। खबरें चलीं थी कि टीसीएस इस साल वेतन वृद्धि को टालने वाला है। इसके साथ 12 हजार कर्मचारियों की छंटनी पर तो खूब बहस हुई। ऐसे कई खबरें चली, जिससे कंपनी को खूब ट्रोल किया गया। इतना ही नहीं छंटनी के खिलाफ हजारों लोग सड़क पर भी उतरे थे। 12 हजार कर्मचारियों की छंटनी के बाद कंपनी ने 80 प्रतिशत कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की घोषणा की। छंटनी के बीच हुई सैलरी में इजाफे की घोषणा ने कर्मचारियों के बीच फैले डर को कम किया।

## किसमें कितना दम और किस मीमकॉइन से रखें ज्यादा उम्मीद? 5 साल इतने हो सकते हैं दोनों के रेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते कुछ सालों में क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में मीम कॉइन्स की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। जहां डॉगकॉइन और शिबा इनु जैसे कॉइन निवेशकों का ध्यान खींच रहे हैं।

डॉगकॉइन, जो 2013 में एक मजाक के रूप में शुरू हुआ, अब एलन मस्क जैसे प्रभावशाली शख्स के सपोर्ट से मजबूत स्थिति में है, जबकि शिबा इनु 2020 में लॉन्च हुआ और खुद को डॉगकॉइन किलर के रूप में पेश करता है। दोनों ही कॉइन्स की कीमतें बाजार की अस्थिरता से प्रभावित होती हैं, लेकिन इनका भविष्य क्या है, आइए जानते हैं।

शिबा इनु का इकोसिस्टम ज्यादा लेटेस्ट- डॉगकॉइन और शीबा इनु का फ्यूचर डेवलप होती टेक्नोलॉजी, कम्युनिटी की पावर और ग्लोबल लेवल पर इन कॉइन्स को अपनाने पर निर्भर करता है।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, शिबा इनु का इकोसिस्टम ज्यादा लेटेस्ट लगता है, जिसमें शिबेरियम ब्लॉकचेन और एनएफटी जैसे फीचर्स शामिल हैं, जबकि डॉगकॉइन की सादगी इसे पेमेंट के लिए उपयुक्त बनाती है। इन दोनों की तुलना में निवेशक अक्सर पूछते हैं कि किसका भविष्य ज्यादा बेहतर है, आइए जानते हैं।

किसका कितना रेट- 2 सितंबर 2025 को डॉगकॉइन की कीमत भारतीय रुपये में लगभग 18.87 रुपये है, जो पिछले एक दिन में 1.57 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, शिबा इनु का रेट 0.001081 रुपये है, जिसमें 1.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

ये रेट विभिन्न प्लेटफॉर्म्स, जैसे कॉइनगेको और कॉइनमार्केटकैप से लिए गए हैं, जहां मार्केट कैप के मामले में डॉगकॉइन 15.6 बिलियन डॉलर के साथ आगे है, जबकि शिबा इनु की मार्केट कैप 9.6 बिलियन डॉलर है।

इस वजह से सस्ती है शीबा इनु- हालांकि, शिबा इनु की अधिक सप्लाई (कई ट्रिलियन्स में कॉइन्स) इसे सस्ता बनाती है, जो छोटे निवेशकों को आकर्षित करती है। बाजार की अस्थिरता के कारण इनके रेट तेजी से बदल सकते हैं, लेकिन दोनों ही कॉइन ने पिछले साल में अच्छा प्रदर्शन किया है, जहां डॉगकॉइन 251 प्रतिशत और शिबा इनु 105 प्रतिशत ऊपर चढ़ा।

## अब नहीं गिरेगा क्योंकि... अदाणी ग्रुप के इस शेयर पर बजाज ब्रोकिंग ने जताया भरोसा, 1341 रु का बड़ा टारगेट



गौतम अदाणी के ग्रुप से जुड़ी अदाणी पोर्ट्स कंपनी के शेयर चर्चा में है। बजाज ब्रोकिंग ने अदाणी पोर्ट्स शेयर को खरीदें रेटिंग दी है और शेयर प्राइस टारगेट दिया है। बजाज ब्रोकिंग का कहना है कि अदाणी पोर्ट्स शेयर पिछले कुछ हफ्तों की करेक्शन के बाद अब 200-डे EMA और पुराने ब्रेकआउट लेवल पर बेस बना रहा है। आसान भाषा में कहें तो, स्टॉक ने मजबूत सपोर्ट पकड़ा है और यहां से इसके ऊपर जाने की संभावना ज्यादा है।

हाल ही में 6 दिन की गिरावट के बाद स्टॉक ने छोटे टाइमफ्रेम में फॉलिंग चैनल ब्रेकआउट दिया है। यानी नीचे गिरने का सिलसिला अब थम गया है और ऊपर की ओर रफ्तार पकड़ने के संकेत हैं। 1290-1270 का जोन मजबूत सपोर्ट है, क्योंकि यहीं पर पिछले महीने का लो और 200-डे EMA दोनों मिलते हैं।

अगर सब ठीक रहा, तो स्टॉक 1438 तक जा सकता है, जो कि जुलाई-अगस्त की गिरावट (1474-1291) का 80त्र रिट्रेसमेंट लेवल है।

टेक्निकल सिग्नल क्या कहते हैं- डेली स्टॉकिस्ट इंडिकेटर पर गौर करें तो इसमें अभी-अभी बाय सिग्नल दिया है। ये बताता है कि शॉर्ट टर्म में स्टॉक पर पॉजिटिव मूवमेंट की संभावना ज्यादा है।

पिछले पांच कारोबारी सत्रों में, अदाणी पोर्ट्स के शेयर की कीमत 1.62% बढ़ी है। पिछले एक महीने में शेयर में 3.87% से ज्यादा की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले छह महीनों में अदाणी पोर्ट्स ने 26.79% का रिटर्न दिया है।

# क्या ट्रंप भारत से टैरिफ पर करना चाह रहे बातचीत? घर के लोगों ने सुनाई खरी-खोटी कहा पाकिस्तानी साथी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने टैरिफ फैसले को लेकर कई महीनों से सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा सोशल मीडिया में एक पोस्ट साझा की जाती है। जहां वे भारत को ताने कस रहे हैं।

हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इस पोस्ट के जरिए वे अपने समर्थकों को ये दिखाना चाहते है कि भारत उनके सामने झुक गया है। भारत ने उनके टैरिफ डर से जीरो टैरिफ की पेशकश की। जबकि भारत कई समय पहले से ही जीरो टैरिफ की पेशकश कर रहा था। अपने आप को विजयी दिखा कर वे भारत से टैरिफ पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहते हैं।

ट्रंप के इस पोस्ट के कुछ घंटे बाद ही अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्पष्ट रूप से नर्म लहजे में कहा कि उन्हें विश्वास है कि वाशिंगटन और नई दिल्ली ÷इस समस्या का समाधान निकाल लेंगे। इससे पहले अमेरिका की ओर से 25 अगस्त को टैरिफ को लेकर बातचीत न करने का फैसला लिया गया था। उनकी तरफ से न ही इस पर कोई नया अपडेट आया है।

अब जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पोस्ट पर ऐसा क्या कहा, जिसकी वजह से ये चर्चा में बना हुआ है।

पोस्ट के जरिए ट्रंप क्या बोले- इस पोस्ट के जरिए डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि, ÷ लोगों को लगता है कि हम भारत के साथ बहुत कम व्यापार करते हैं, लेकिन वे हमारे साथ बहुत ज्यादा व्यापार करते हैं... वे हमें भारी मात्रा में सामान बेचते हैं... लेकिन हम उन्हें बहुत कम बेचते हैं। ये पूरी तरह से एकतरफा ट्रेड रहा है और यह कई दशकों से ऐसा ही रहा है।

## boAt और Urban Company समेत 13 कंपनियों को मिली आईपीओ लाने की मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। Urban Company से लेकर boAt समेत 13 कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक SEBI ने इन कंपनियों को पब्लिक इश्यू के जरिए घन जुटाने की अनुमति दे दी है।

अन्य कंपनियों में जुनिपर ग्रीन एनर्जी, ऑलकेम लाइफसाइंस, ओमनीटेक इंजीनियरिंग, केएसएच इंटरनेशनल, रवि इंफ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स, मौरी टेक, प्रायोरिटी ज्वेल्स, कोरोना रेमेडीज, ओम फ्रेटफॉरवर्डर्स, जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग और पेस डिजिटेक शामिल हैं।

न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च और जून के बीच अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली इन कंपनियों को 1-29 अगस्त के दौरान सेबी से जवाब के तौर पर मंजूरी मिल गई है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 19 साल की युवती की उसी के घर में गला काटकर हत्या की




भोपाल। राजधानी में 19 साल की युवती की उसी के घर में गला काटकर हत्या कर दी गई। नीचे सो रहे परिवार को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह उसका शव कमरे में मिला। दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। इससे पहले युवती की हत्या ने कई सवाल खड़े दिए हैं, जिनके जवाब पुलिस तलाश रही है।भोपाल के टीटी नगर स्थित पंचशील नगर में रहने वाली एक युवती की गला काटकर हत्या कर दी गई।

युवती का शव मंगलवार की सुबह उसके कमरे से बरामद हुआ। घटनास्थल पर ही एक ब्लेड पड़ी मिली, जिससे उसका गला काटा गया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवती का गला किसने काटा, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। युवती की हत्या किसने की, घर में कैसे घुसा और कैसे बाहर निकला, इन सभी पहलुओं पर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी थी।

पड़ोसियों ने बताया कि दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। पुलिस आरोपियों की शादी, दोस्ती, एकतरफा प्यार सहित सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि रोशनी पुत्री एजाज (19) पंचशील नगर में रहती थी। बारहवीं तक पढ़ाई करने के बाद वह घर पर ही रहती थी। उसके पिता फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करते हैं, जबकि अन्य परिजन चक्की चलाते हैं। सोमवार की रात परिवार वालों के साथ भोजन करने के बाद रोशनी मकान की छत पर बने अपने कमरे में सोने के लिए चली गई थी, जबकि माता-पिता और भाई नीचे वाले कमरे में थे।

मंगलवार सुबह करीब साढ़े सात बजे तक वह नीचे नहीं आई, तो परिजन देखने पहुंचे। छत पर जाने वाला दरवाजा बंद होने के कारण पड़ोसी की छत से ऊपर पहुंचे। कमरे में रोशनी का शव पड़ा मिला और गला कटा हुआ था। गला कटने के कारण कमरे में काफी मात्रा में खून फैला हुआ था।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम से घटनास्थल का परीक्षण कराया और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे घटना के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि बीते जून महीने में उसकी सगाई हुई थी और आने वाले अक्टूबर महीने में शादी होने वाली थी। परिवार वाले रोशनी की शादी की तैयारियां कर रहे थे।

# स्कूल से भागकर नदी में नहाने गए दो बच्चे बहे, पुलिस ने शुरू कराया रेस्क्यू



शहडोल। जिले के सीधी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादर में मंगलवार की दोपहर बाद दो बच्चे नदी में बह गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों बच्चे गांव के स्कूल में ही पढ़ने गए थे और दोपहर को हाफ टाइम की छुट्टी में भाग कर खेलने के लिए नाम पर नदी में नहाने चले गए और बह गए।

स्कूल से भागे दोनों छात्रो की मौत हो गई होगी ,ऐसा पुलिस संभावना व्यक्त ही कर रही है,क्योंकि गहरे पानी में डूबे हैं।स्कूल में हाफ टाइम मेंखेल मैदान से भागकर नदी नहाने गए थे। दोनों विद्यार्थी कक्षा पांचवी और छठवीं के हैं। पूर्व माध्यमिक विधायक दादर दादर में पढ़ते थे और चूदी नदी डूबे हैं । पुलिस का कहना है कि बचाव कर चल रहा है जैसे ही उनकी तलाश हो जाएगी इसके बाद पूरी जानकारी दी जाएगी।

# तीन पीढ़ी से फैक्टरी में बन रहे थे अवैध हथियार, पिता जेल गया तो बेटे ने संभाली कमान, कई राज्यों में सप्लाई



भोपाल। इस अवैध फैक्टरी का खुलासा भोपाल में एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले यासीन मछली के गुर्गे सैफुद्दीन और अन्य तस्करों से हुई पूछताछ के बाद हुआ। मछली परिवार के गिरोह को टीकमगढ़ का विश्वकर्मा परिवार कई हथियार बेच चुका है। लव और ड्रग्स जिहाद के आरोपों में घिरे भोपाल के बड़े मछली कारोबारी शारिक मछली परिवार का अवैध हथियारों से भी कनेक्शन सामने आया है। भोपाल क्राइम ब्रांच ने रविवार को टीकमगढ़ के जतारा क्षेत्र के एक गांव में कृषि यंत्र बनाने वाली फैक्टरी में छापा मारकर अवैध हथियार बनाने का खुलासा किया था। फैक्टरी से अवैध हथियारों समेत भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण जब्त किए गए हैं। जब्त सामान से कई दर्जन अवैध हथियार बनाए जा सकते हैं।

बताया जा रहा है कि फैक्टरी संचालित करने वाले सुरेंद्र विश्वकर्मा के पिता आनंदी विश्वकर्मा ने करीब 40 साल पहले लेथ मशीन का काम शुरू किया था। इसके बाद ट्रैक्टर की छोटी ट्रॉलियां, कृषि उपकरण और हथियार बनाने का काम शुरू किया गया। भोपाल क्राइम ब्रांच ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस अवैध फैक्टरी का खुलासा भोपाल में एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले यासीन मछली के गुर्गे सैफुद्दीन और अन्य तस्करों से हुई पूछताछ के बाद हुआ। मछली परिवार के गिरोह को टीकमगढ़ का विश्वकर्मा परिवार कई हथियार बेच चुका था। इसी लिंक के आधार पर भोपाल क्राइम ब्रांच ने जतारा के पास एक गांव में कृषि यंत्र बनाने के नाम पर चलाई जा रही हथियार फैक्टरी पर छापा मारा था।

फैक्टरी चलाने वाला मास्टरमाइंड सुरेंद्र विश्वकर्मा लूट के एक प्रकरण में सात साल की सजा काट चुका है। जनवरी 2025 में ही वह जेल से छूटा था। जेल से छूटते ही सुरेंद्र ने अवैध शस्त्र निर्माण शुरू कर दिया। सुरेंद्र के परिवार की तीन पीढ़ियां अवैध हथियार बनाने के काम में लगी हैं। पहले सुरेंद्र के पिता आनंदी ने फैक्टरी शुरू की, फिर सुरेंद्र ने कारोबार संभाला और अब उसका बेटा भी इसमें शामिल है।पूरा परिवार हथियार बना रहा

सुरेंद्र के पिता आनंदी विश्वकर्मा ने लगभग 40 साल पहले लेथ मशीन से ट्रॉली और कृषि उपकरण बनाने का कार्य शुरू किया था। आनंदी ने ही लेथ मशीन से अवैध हथियार बनाने का काम भी शुरू किया था। बाद में यह कारोबार सुरेंद्र ने संभाला। जब सुरेंद्र सात साल की सजा काटने जेल गया, तब उसकी फैक्टरी उसका बेटा चलाने लगा। जेल से लौटने के बाद सुरेंद्र ने फिर से कारोबार अपने हाथ में ले लिया। विश्वकर्मा परिवार ने पूरे परिवार को अवैध गतिविधियों में शामिल कर लिया था। आनंदी का नाबालिग पोता और दूसरा बेटा धर्मेंद्र भी इस काम में लगे थे। कार्रवाई से पहले सुरेंद्र और उसके नाबालिग बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, तब भी आनंदी और धर्मेंद्र ने काम बंद नहीं किया।

# पितृपक्ष के पहले दिन लगेगा साल का अंतिम चंद्र ग्रहण



भोपाल। यह ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और अमेरिका के कई हिस्सों में दिखाई देगा। भारत में सूतक काल दोपहर 12ः50 बजे से प्रारंभ होगा। ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ, जप और दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। हर साल भाद्रपद महीने की पूर्णिमा तिथि से पितृपक्ष आरंभ होता है। इस बार पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर 2025 को हो रही है। संयोग यह है कि इसी दिन साल का अंतिम पूर्ण चंद्र ग्रहण भी लगेगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि धार्मिक और खगोल विज्ञान की दृष्टि से यह दिन बेहद खास रहने वाला है।कब और कहां दिखेगा ग्रहण यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत सहित एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अफ्रीका, अमेरिका के कई हिस्सों में दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण स्पष्ट रूप से नजर आएगा, इसलिए सूतक काल का पालन अनिवार्य होगा। ग्रहण का छाया प्रवेश रात 8:58 बजे, स्पर्श 9:57 बजे, मध्यम 1:27 बजे और मोक्ष 2:25 बजे होगा। सूतक काल दोपहर 12:50 बजे से ही प्रारंभ हो जाएगा।पूजा-पाठ और दान की परंपरा

ग्रहण के दौरान धार्मिक कार्य, भोजन और यात्रा निषेध मानी गई है। इस अवधि में भगवान का स्मरण और जप करना सर्वोत्तम है। मान्यता है कि ग्रहण काल में दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। राहु ग्रह के दोष निवारण हेतु सात अनाज, वस्त्र, लोहा और तिलदान विशेष लाभकारी बताए गए हैं।

**राशि अनुसार प्रभाव और परामर्श**-ज्योतिषाचार्य के अनुसार यह ग्रहण कुंभ राशि और शतभिषा नक्षत्र में लगेगा। इसलिए कुंभ और मीन राशि के जातकों को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। इनके लिए ग्रहण देखना वर्जित है। ग्रहण का शुभ प्रभाव मेष, वृषभ, कन्या और धनु राशि वालों के लिए रहेगा, जबकि मिथुन, सिंह, तुला और मकर पर सामान्य असर रहेगा। वहीं कर्क, वृश्चिक, मीन और कुंभ राशि के लिए यह ग्रहण अशुभ फलदायी माना गया है।

**सूतक काल में सावधानियां**-गर्भवती महिलाओं को ग्रहण देखने से विशेष परहेज करना चाहिए। सूतक लगने के बाद भोजन नहीं करना चाहिए। स्नान, जप, ध्यान और भजन-कीर्तन करना मंगलकारी माना जाता है। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान कर दान करने से ग्रहण दोष शांति मिलती है।

**किन वस्तुओं का दान करें लाभ के लिए**-राशि अनुसार दान करना इस दिन विशेष फलदायी रहेगा। मेष राशि वाले लाल वस्तुएं, वृषभ और तुला राशि वाले सफेद वस्तुएं, कर्क राशि वाले दूध-दही-चावल, सिंह राशि वाले गेहूं-मूंगफली-शहद, कन्या राशि वाले गन्ने का रस, वृश्चिक राशि वाले आलू-शकरकंद-गेहूं, धनु और मीन राशि वाले पीले वस्त्र-फल तथा मकर और कुंभ राशि वाले काले तिल और वस्त्र दान करें।

**ग्रहण का सामाजिक और प्राकृतिक प्रभाव**-ग्रहण काल के दौरान काली, सफेद और लाल वस्तुओं के साथ ही जल में उत्पन्न होने वाली वस्तुएं और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर भी असर दिखाई देगा। व्यापारिक दृष्टि से ज्वार, बाजरा जैसी अनाज वस्तुओं में तेजी आने की संभावना है। बंगाल, मगध और गुजरात के समुद्री क्षेत्रों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ेगा।




# इंदौर जिले में अमानक खाद बेचने तथा कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध होगी सख्त कार्रवाई



इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को आमजन से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी व्यवस्था बनायी रखी जाए, जिससे कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिलती रहें।

बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, अभियान तथा शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल, जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा कि आरआरसी वसूली की रफ्तार और बढ़ाई जाए। सभी विभाग अपने लक्ष्य समय पर पूर्ण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभियान मोड में किया जाए। जिले के प्रत्येक किसान की रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण होनी चाहिए, ताकि कोई भी किसान शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को कहा कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। खाद की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अमानक खाद बेचने वालों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अस्वीकार्य है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आमजन और किसानों से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता और जिम्मेदारी से करें। प्रत्येक अधिकारी समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर जनता को राहत पहुँचाए।

# एयर मार्शल संजीव घुरटिया एवीएसएम वीएसएम ने एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस का कार्यभार संभाला

इंदौर। एयर मार्शल श्री संजीव घुरटिया एवीएसएम वीएसएम ने 01 सितंबर, 2025 को वायु सेना मुख्यालय में एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल ने उन सशस्त्र बलों के जवानों के सम्मान में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

एयर मार्शल संजीव घुराटिया एवीएसएम वीएसएम ने वायुसेना की एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग शाखा में सितंबर 1988 में कमीशन प्राप्त किया था। वे प्रतिष्ठित डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, एयर फ़ोर्स टेस्ट पायलट स्कूल, बेंगलुरु और एयर फ़ोर्स टेक्निकल कॉलेज, बेंगलुरु के पूर्व छात्र हैं। एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में वे जीईसी, जबलपुर, बिट्स पिलानी और मद्रास विश्वविद्यालय के भी पूर्व छात्र हैं और उन्होंने भोपाल विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। वे रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी, लंदन, एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के फेलो हैं। वे आईएसओ 45,000 (ओएच एंड एसएमएस) के लीड ऑडिटर और सोसाइटी ऑफ़ फ़्लाइट टेस्ट इंजीनियर्स, अमरीका के एसोसिएट सदस्य हैं।

वायु सेना अधिकारी ने अपने 37 वर्षों के शानदार करियर में वायुसेना और विदेश में संयुक्त राष्ट्र मिशन में कई महत्वपूर्ण कमान और स्टाफ पदों पर कार्य किया है। एयर ऑफिसर-इन-चार्ज मेंटेनेंस का कार्यभार संभालने से पहले वे मुख्यालय एमसी में वरिष्ठ मेंटेनेंस स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। उनकी विशिष्ट सेवा के लिए वायु सेना अधिकारी को राष्ट्रपति द्वारा वर्ष 2016 में विशिष्ट सेवा पदक और 2025 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में झांकी और अखाड़ा संचालकों की संयुक्त बैठक संपन्न

इंदौर। इंदौर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के अनंत चतुर्दशी चल समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां जारी है। समारोह के दौरान की जाने वाली जिला प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं को लेकर आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में झांकी और अखाड़ा संचालकों तथा अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अनंत चतुर्दशी चल समारोह के सुव्यवस्थित और प्रभावी आयोजन के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। निर्णय लिया गया कि इंदौर की परंपरा को कायम रखने के लिए झांकी बनाने वाली मिलो को जिला प्रशासन द्वारा दो-दो लाख रुपए रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही निर्णय लिया गया कि समारोह के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे पाए जाने पर तुरंत जप्त कर लिया जायेगा।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह, डीसीपी श्री हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परंपरा को हर हाल में कायम रखा जाए। परंपरा के अनुसार ही झांकी और अखाड़े निकाले जाए। डीजे का उपयोग किसी भी हालत में नहीं करें। डीजे पाए जाने पर उन्हें जप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार झांकी और अखाड़ा संचालकों को अपनी झांकी और अखाड़े समय पर निकालने होंगे। अखाड़े और झांकी संचालन के संबंध में प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़े और झांकी नियम और निर्देशों का पालन करें। नियम और निर्देशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अखाड़े को स्वागत मंच के समक्ष निर्धारित समय के भीतर ही प्रदर्शन करना होगा।

बैठक में एडिशनल पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं समय का विशेष ध्यान रखें। सुरक्षा के सभी प्रबंध अखाड़ा और झांकी संचालक भी अपने स्तर से भी सुनिश्चित करें। ऐसी व्यवस्था बनाए रखें जिससे कि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि चल समारोह के दौरान हाथी, घोड़ा, ऊंट सहित अन्य जानवरों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

बताया गया कि चल समारोह मिल क्षेत्र से प्रारंभ होकर मजदूर मैदान, भण्डारी मिल, श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड़, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नृसिंग बाजार चौराहा, सीतलामाता बाजार, गौराकुण्ड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिल में पहुंचेगा।

निर्देश दिये गए कि झांकियां समय पर निकले यह प्रयास किये जाये। झांकियों के निकलने का क्रम पूर्वानुसार परम्परागत रहेगा। नई झांकी को शामिल नहीं किया जायेगा। यदि निर्धारित झांकी समय से बाहर नहीं आती है तो, उसके स्थान पर अगली झांकी को आगे बढ़ा दिया जायेगा। सभी समय का पालन करें।

## प्रदेश में रीवाइल्डिंग से संतुलित होगी वाइल्डलाइफ इकोलॉजी

इंदौर। मध्यप्रदेश में स्वैम्प डियर (बारहसिंगा) सहित कई प्रजातियों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए पुनर्वास एवं पुनर्प्रवेश कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैज्ञानिक पद्धति से इन प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनः स्थापित करने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिये रीवाइल्डिंग की अभिनव पहल की गई है। रीवाइल्डिंग का उद्देश्य वाइल्डलाइफ इकोलॉजी को संतुलित कर लुप्त होती प्रजातियों को पुनर्जीवित करना, संकटग्रस्त प्रजातियों का संरक्षण करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। प्रदेश में की गई यह पहल अन्य राज्यों के लिए वन संरक्षण का मॉडल बनेगी।

रीवाइल्डिंग का अर्थ है प्रकृति को उसकी मूल अवस्था में लौटाना। इसके लिये जंगलों में उन प्रजातियों को पुनः बसाया जाता है, जिनके बिना पारिस्थितिकी तंत्र अधूरा है। इसमें शिकारी प्रजातियों और शिकार प्रजातियों को शामिल किया जाता है। माना जाता है कि इन प्रजातियों के बिना जंगल का आहार-संतुलन बिगड़ता है और नेचुरल लाइफ साइकिल टूट जाती है। 'टाइगर स्टेट' कहलाने वाला मध्यप्रदेश जैव विविधता से समृद्ध है। इसके बावजूद कई प्रजातियाँ विलुप्ति की कगार पर हैं। प्रदेश के वनों में स्वैम्प डियर (बारहसिंगा) की संख्या लगातार घट रही है।

# युवा संगम में 81 युवक-युवतियों को मिला रोजगार




इंदौर। मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र इंदौर के संयुक्त प्रयास में सोमवार को युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नंदानगर में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में कुल 16 कंपनियों के 350 विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर रोजगार और अप्रेंटिनशिप हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 238 आवेदक/आवेदिकाओं का (52 आवेदिका और 186 आवेदक) पंजीयन हुआ। रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा कुल 81 (23 आवेदिका और 58 आवेदक) का प्रारंभिक रूप से फार्मशिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, टर्नर, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

युवा संगम में मेपल हॉस्पीटल, रेपीकम इन्फ्रा, बी एबल फाउंडेशन, कोडरविंग, पाथ इंडिया लिमिटेड, ओसियन मोटर्स, एसआरएफ लिमिटेड, वेन्सर कंस्ट्रक्शन, ऊर्जा टेक्नीकल सर्विस आदि कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कुल 16 कंपनियों द्वारा 81 युवक-युवतियों का रोजगार के लिए चयन किया गया।

# अस्पतालों के पंजीयन एवं नवीनीकरण में उठाई गई आपत्तियों का समयसीमा में हो निराकरण

इंदौर। नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुनील वाठिया एवं सचिव डॉ. सुनील बारोड़ के द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि विभाग निजी चिकित्सालयों के साथ पूर्ण सहयोग करके समन्वय के साथ इंदौर के स्वास्थ्य परिदृष्य को उन्नत करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के पंजीयन एवं नवीनीकरण में उठाई गई आपत्तियों का निराकरण न होने से प्रकरण लंबित रहते हैं एवं लोक सेवा गारंटी के अधिनियम का समय सीमा उल्लंघन होता है। अतः समय सीमा में आपत्तियों का निराकरण करें। निजी चिकित्सालयों के संबंध में मिलने वाली शिकायतों को अपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर विभाग मान्य नहीं करता है। अत~ शिकायत कर्ता से पर्याप्त आधार प्राप्त करने के बाद ही जांच प्रारंभ कराई जाती है। हम पूर्ण सहयोग के साथ आगे बढ़ने की अपेक्षा रख रहे हैं। उन्होंने अस्पतालों में एलोपैथिक डॉक्टर 24*7 रखने हेतु निर्देश दिए। आयुष्मान के अंतर्गत जिस विधा के लिए पंजीकृत हैं उसकी सही एवं स्पष्ट आई.ई.सी. करने हेतु कहा गया।

hindkush.in
24x7 News portal
दैनिक हिन्दकुश
jagrayam.com
online news magazine
सर्वे भवन्तु सुखिनः
भोपाल, इंदौर, उज्जैन, से प्रकाशित

संपादक मंडल
श्री संजय ज्ञानी — संपादकीय सलाहकार
श्री संजय व्यास — संपादकीय सलाहकार डिजिटल
सुश्री परम चैतन्य — कार्यकारी संपादक
डॉ. चमन सिंह राजौरा — उप संपादक
श्री आशीष उपाध्याय — विशेष संवाददाता व विधि सलाहकार
श्री भुवनेश भार्गव — विशेष संवाददाता
श्री शिरीष राव मोरे — ब्यूरो प्रमुख
श्री नरेन्द्र राठौर — संवाददाता
श्री धर्मेंद्र राठौर — संवाददाता
श्री कौशल कांतिदास वैरागी — विशेष प्रतिनिधि

**जय श्री महाकाल ...**



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# एसबीआई की शाखा से करोडों के गहने हुए चोरी



उज्जैन। महानंदा नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) की शाखा से दो करोड़ रुपये के जेवर और आठ लाख रुपये चोरी हो गए। वारदात सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात हुई। दो चोर बैंक की बांउड्रीवाल फांदकर अंदर घुसे और सीढ़ियों से ऊपरी मंजिल पर जाकर ताले खोलकर बैंक में प्रवेश कर गए। इसके बाद बैंक के लाकर का ताला खोल उसमें रखे नकद रुपये व सोना निकाल लिया। करीब दो घंटे तक चोर बैंक में रहे। सोना उन लोगों का है जिन्होंने बैंक में सोने के जेवरात गिरवी रखकर लोन लिया है। पुलिस को कुछ बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका है। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द पर्दाफाश किया जाएगा।

माधव नगर पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह बैंक सफाई कर्मचारी व अन्य अधिकारी बैंक पहुंचे थे। लेनदेन शुरू करने के पूर्व बैंक कर्मचारी लाकर में रखे रुपये लेने के लिए पहुंचा तो नकदी गायब थी। इस पर उसने बैंक मैनेजर को इसकी जानकारी दी। बैंक लॉकर में नकदी आठ लाख रुपये के अलावा करीब दो करोड़ रुपये के सोने के जेवरात भी नहीं थे। चोरी की जानकारी बैंक अधिकारियों ने माधव नगर पुलिस को दी थी। सूचना मिलने पर एसपी प्रदीप शर्मा भी जांच के लिए पहुंचे। इसके अलावा फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, एफएसएल व डाग स्क्वाड भी मौके पर पहुंचा।

बैंक में चोरी की सूचना मिलने पर बैंक में कई ऐसे ग्राहक पहुंचे थे, जिन्होंने बैंक में लाकर ले रखे थे। लोगों को अपने लाकर की चिंता थी। हालांकि पुलिस का कहना है कि बैंक में जहां कैश व गिरवी रखा सोना रखा जाता है , वही लाकर खोलकर चोरी की गई है। दिनभर बैंक में लेनदेन के लिए आने वाले ग्राहकों को एक कर्मचारी नानाखेड़ा स्थित ब्रांच पर भेज रहा था।

बैंक में रात में कोई गार्ड नहीं रहता है। बैंक कर्मचारियों के अनुसार छोटी ब्रांच होने के कारण यहां रात में सुरक्षाकर्मी नहीं रहता है। केवल सुबह बैंक खुलने से लेकर शाम को बंद होने तक ही एक बंदूकधारी गार्ड बैंक के बाहर मौजूद रहता है। बैंक बंद होने पर वह भी घर चला जाता है। बैंक में चोरी की वारदात के बाद से गार्ड काफी तनाव में नजर आया। उसका कहना था कि वह पूर्व सैनिक है। अभी करीब दस दिन पूर्व ही उसने बैंक में सुरक्षाकर्मी की नौकरी ज्वाइन की है। गांव में लोगों को पता चलेगा कि उसकी बैंक में चोरी हो गई है तो लोग उस पर हसेंगे।

पुलिस ने बैंक के आसपास के घरों व सामने स्थित दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। इसमें दो चोर बैंक में सोमवार रात करीब दो बजकर 20 मिनट पर बैंक की बाउंड्रीवाल कूदते नजर आ रहे है। इसके बाद चोर पोर्च में से होकर सीढ़ियों से ऊपर मंजिल पर गए हैं। यहां से वह ताला खोलकर अंदर घुसे और इसके बाद वह अंदर बनी सीढ़ियों से नीचे लाकर रूम तक पहुंचे थे। वहां भी चोरों ने चाबी से ही ताला खोला था। इसके बाद लाकर भी चाबी से खोलकर नकदी व सोने के जेवरात चुरा ले गए। करीब दो घंटे बाद तड़के साढ़े चार बजे दोनों आरोपित वापस बैंक से निकलते हुए नजर आ रहे हैं।

एसपी प्रदीप शर्मा का कहना है कि बैंक में वारदात ताले तोड़कर नहीं की गई है। चोरों ने बैंक के ताले चाबी से खोले हैं। इससे लगता है कि वारदात में बैंक कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। जिन कर्मचारियों व अधिकारियों के पास बैंक की चाबियां रहती हैं, उसकी जानकारी निकाली जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जा सकता है।

# तपोभूमि में बनी ऑपरेशन सिंदूर की झांकी एवं मंडल



उज्जैन । मन को बस में करना और इंद्रियों पर विजय प्राप्त करना ही उत्तम संयम धर्म में आता है आपका स्वयं का शरीर पहरी है चौकीदार है लेकिन आत्मा अजर अमर है आत्मा में ही भगवान बनने की शक्ति है यह बात प्रभा दीदी ने श्री महावीर तपोभूमि में श्रावक संस्कार शिविर के दौरान कहीं और कहां की किसी के लिए अच्छा ही करना हो तो जाग जाओ और किसी की बुराई हो रही है ऐसे मौके पर सो जाना ही अच्छा है बुराई में कभी किसी का साथ मत देना जो तूफानों में भी अपने आप को संभाल सके ऐसे दीपक बनकर रहना है और उसकी लो जो तूफानों से भी भुज ना सके ऐसा बनना है।

इस अवसर पर वासु भइया जी ने भी प्रवचन में संयम धर्म को समझाते हुए एक कहानी सुनाते हुए कहा कि एक राजा अपने संपूर्ण प्रजा के साथ हाथी घोड़े पर बैठकर घूमने जाता है और शाम को जब राजा अपने हाथी घोड़ों से वाहनों से उतरता है तो लोग उसकी सेवा में लग जाते हैं पैर दबाते हैं हाथ दबाते हैं उसकी सेवा करने लगते हैं उसी पर एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि राजा तो बैठ कर आराम से आए हैं तो फिर इनकी सेवा क्यों एक धार्मिक व्यक्ति जो इन बातों को समझता था उन्हें बताया कि राजा ने अपने पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए थे इसीलिए आज सारा वैभव सारी सुख सुविधा उसे प्राप्त है पूर्व जन्म में किए हुए अच्छे कर्म ही हमें प्राप्त होते हैं और यदि इस जन्म में भी अच्छे कर्म करेंगे तो अगले जन्म में हम और अच्छे होंगे।

और कहा कि हम भारतीय संस्कृति को मानने वाले लोग हैं हम सभ्यताओं और संस्कार में जीते हैं इसलिए हमें धर्म के मार्ग पर चलकर सुबह से ही पूजा ध्यान आराधना के साथ-साथ पुण्य के काम करना चाहिए पहले के लोग तो मंदिर भी सादे कपड़े में नंगे पांव जाते थे ताकि उनके वैभव को देखकर किसी अन्य व्यक्ति का भाव खराब ना हो और सब एक जैसे दिखें लेकिन आजकल के लोग तो अपने घर में चौके में ड्राइंग रूम में भी जूते पहन कर बैठते हैं और खाना भी खा लेते हैं यह सब सभ्यता हमारी नहीं है।

## स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शक्तिपीठ स्मारिका का विमोचन 5 को

उज्जैन। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल के तत्वाधान में वर्ष 2025 में 50 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ण जयंती वर्ष शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि महोत्सव संपन्न किया गया इस अवसर पर मां हरसिद्धि को समर्पित स्मारिका शक्तिपीठ का प्रकाशन श्री हरसिद्धि भक्त मंडल द्वारा किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश के विद्वतजन के आलेख,नगर के प्रतिष्ठित व्यापारियों की विज्ञापन समाहित है जिसका विमोचन प्रखर विद्वत कर्मकांडी संस्कृत के ज्ञाता डॉ. केदारनाथ शुक्ला एवं पूर्व कालिदास अकादमी के संचालक डॉ.संतोष पंड्या के कर कमलों द्वारा मां हरसिद्धि प्रांगण में दिनांक 5 सितंबर 2025 शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे संपन्न होगा इस अवसर पर मध्य प्रदेश के लोकिप्रय पंचांगकर्ता श्री पंडित आनंद शंकर जी व्यास का सम्मान भी किया जाएगा।

# सामूहिक क्षमायाचना के साथ अरिहंत सोशल ग्रुप ने किया तपस्वियों का बहुमान



उज्जैन। अरिहंत सोशल ग्रुप द्वारा सामूहिक क्षमायाचना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्युषण महापर्व में तपस्या करने वाले सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

संस्था अध्यक्ष गुनवंत शाह ने क्षमापना पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शांति का प्रतीक है। इसका मुख्य उद्देश्य दूसरों की गलतियों को माफ करना, स्वयं की भूलों के लिए क्षमा मांगना और मन से दुर्भावना व क्रोध को त्यागकर शांतिपूर्ण जीवन जीना है। संचालन कर रहे संस्था सचिव आशीष नांदेचा ने बताया कि जैन धर्म में तपस्या आत्मा की शुद्धि और कर्मों के नाश का साधन है, जिसका अंतिम उद्देश्य मोक्ष की प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि जो सदस्य तपस्या नहीं कर पाते, वे तपस्वियों का बहुमान कर भी पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। ग्रुप कोषाध्यक्ष राकेश कांठेड़ और पूर्व अध्यक्ष अजीत पगारिया का आठ उपवास की तपस्या के लिए विशेष सम्मान किया गया।

संस्था के सदस्यों ने सामूहिक क्षमायाचना कर आपसी स्नेह और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अरिहंत सोश्यल ग्रुप के संयोजक राजेंद्र चेलावत ने ग्रुप को 28 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी और सेवा कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

# इंदौर के विवान जैन एवं ग्वालियर की मान्या बंसल बने राज्य सब जुनियर शतरंज चैंपियन

## मप्र सब जुनियर सिलेक्शन फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2025 का समापन

उज्जैन। आल इंडिया चेस फेडरेशन एवं मप्र चेस एडहॉक कमिटी के तत्वावधान में उज्जैन डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा बुध्दिबल चेस एकेडमी तथा नटखट प्ले स्कूल के सहयोग से आयोजित मप्र सब जुनियर सिलेक्शन फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2025 का समापन हुआ।




समापन समारोह व्यवसायी सन्नी खत्री, युक्ति खत्री, आंशिक सेठी, आशीष मोहिते के आतिथ्य, विशेष अतिथि सुनील सोनी इंदौर एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक यशपाल अरोरा एवं प्रतीक सिंह तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता में 8 चक्रों के पश्चात इंदौर के विवान जैन एवं आरव पोरवाल के बीच 7.5 अंकों के साथ टाई हुआ जिसमें बकल्स अंकों के आधार पर विवान जैन प्रथम एवं आरव पोरवाल द्वितीय स्थान पर रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल मंत्री विश्वास सारंग एवं मध्य प्रदेश चेस एडहॉक कमिटी के चेयरमैन गुरमीत सिंह की प्रेरणा से व मध्य प्रदेश शतरंज संघ के सचिव कपिल सक्सेना, नीरज सिंह कुशवाह एवं उनकी टीम के प्रयास से खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सब जूनियर फीडे रेटेड राज्य चयन शतरंज स्पर्धा अभूतपूर्व सफ़लता के साथ आयोजित की गई। इस स्पर्धा में राज्य के 25 जिलों के 37 फीडे रेटेड खिलाड़ियों सहित 240 से अधिक खिलाड़ियों ने बढ़चढकर भाग लिया। हमारे जीवन में खेलों के महत्व के साथ ही मेजर ध्यानचंद जी के द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान के बारे में भी प्रतिदिन सभी खिलाड़ियों एवं परिजनों को अवगत कराया गया। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले और विभिन्न आयु वर्गों में शानदार विजेता उभरे।

अंडर 15 बालक वर्ग में टॉप 4 खिलाड़ियों में प्रथम विवान जैन इंदौर, द्वितीय आरव पोरवाल इंदौर, तृतीय दर्शिल अय्यर इंदौर, चतुर्थ व्योम उपाध्याय ग्वालियर रहे। बालिका वर्ग में प्रथम मान्या बंसल ग्वालियर, द्वितीय लावण्या जुनेजा छिंदवाड़ा, तृतीय अनुष्का वर्मा देवास, चतुर्थ प्रिशा महेश्वरी इंदौर रहे। ये विजेता गाज़ियाबाद, उत्तरप्रदेश मे होने वाली सब जुनियर (अंडर - 15) राष्ट्रीय चैम्पीयनशिप मे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पत्रकार राजेन्द्र पुरोहित का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया



उज्जैन। एक शख्सियत, शहर की पहचान, पत्रकारिता की पाठशाला, नेतृत्व क्षमता के धनी, प्रदेश में प्रमुख अखबारों, चैनलो में अपनी कलम से समाज का भला करने वाले तथा दुष्कर्मों का नाश करने वाले, व्यक्तित्व के धनी, जिनकी पहचान एक कामरेड के रूप में स्थापित हो चुकी है।जिन्होंने पत्रकारों के हित में संघर्ष करते हुए मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का पद निर्वाह कर सफल नेतृत्व भी किया। बीते तीन दशक में पत्रकारिता से लेकर जीवन दर्शन का लाभ प्राप्त किया। ऐसे पत्रकार राजेंद्र पुरोहित का जन्मदिन उज्जैन के पत्रकारों द्वारा बनाया गया। इस अवसर पर राजेंद्र राठौर,राजेश जोशी, उदय चंदेल, अम्बाराम वर्मा, सतीश गौड, अश्विन चोपड़ा, योगेश शर्मा, ओमप्रकाश पाल, दारा खान, सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, वीरेंद्र ठाकुर, पवन गरवाल, अविनाश चतुर्वेदी अविनाश बिडवाल, सौरभ अग्रवाल, महेश निगम आदि।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com